भारत सरकार
जल शक्ति मंत्रालय
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3567
दिनांक 10.08.2023 को उत्तर दिए जाने के लिए

जेजेएम के अंतर्गत पूरी की गई परियोजनाएं

3567. श्री घनश्याम सिंह लोधी:

क्या **जल शक्ति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) उत्तर प्रदेश में जल जीवन मिशन (जेजेएम) के अंतर्गत पूरे किए गए कार्यों/परियोजनाओं का जिले-वार ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या उत्तर प्रदेश के रामपुर जिले में कई घर जलापूर्ति से वंचित हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के रामपुर जिले में सभी घरों में नल के पानी का कनेक्शन उपलब्ध कराने के लक्ष्य को प्राप्त कर लिए जाने की संभावना है और यदि हां, तो उक्त लक्ष्य को कब तक प्राप्त कर लिए जाने की संभावना है; और
(घ) उक्त जिले में चल रही संबंधित परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

राज्य मंत्री, जल शक्ति
(श्री प्रहलाद सिंह पटेल)

(क) से (घ): भारत सरका, उत्तर प्रदेश राज्य के ग्रामीण परिवारों सहित प्रत्येक ग्रामीण परिवार को वर्ष 2024 तक नल जल आपूर्ति की सुविधा प्रदान करने के लिए अगस्त 2019 से राज्यों के साथ भागीदारी में जल जीवन मिशन (जेजेएम) का कार्यान्वयन कर रही है।

उत्तर प्रदेश राज्य सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, 15 अगस्त, 2019 तक, 5.16 लाख ग्रामीण परिवारों के पास नल जल कनेक्शन थे। तब से, 1.42 करोड़ और ग्रामीण परिवारों को नल जल कनेक्शन प्रदान किए गए हैं। इस प्रकार, 07.08.2023 तक, उत्तर प्रदेश में 1.47 करोड़ (56.11%)

ग्रामीण परिवारों के पास नल जल आपूर्ति की सुविधा उपलब्ध है। उत्तर प्रदेश राज्य में नल जल कनेक्शन वाले परिवारों की जिला-वार संख्या अनुबंध में दी गई है।

जल राज्य का विषय है और इसलिए ग्रामीण परिवारों को नल जल उपलब्ध कराने के लिए पाइपगत जलापूर्ति स्कीमों की आयोजना और कार्यान्वयन की प्राथमिक जिम्मेदारी संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की है। भारत सरकार, जेजेएम के अंतर्गत तकनीकी और वित्तीय सहायता प्रदान करके राज्यों के प्रयासों में सहायता करती है। राज्य को मिशन अवधि के भीतर सभी ग्रामीण परिवारों को कवर करने की सलाह दी गई है।

इसी तरह, उत्तर प्रदेश के रामपुर जिले में, 3.12 लाख ग्रामीण परिवारों में से 1.33 लाख ग्रामीण परिवारों को जल जीवन मिशन के तहत नल जल कनेक्शन प्रदान किए गए हैं। इस प्रकार, 07.08.2023 तक, रामपुर जिले में कुल 1.55 लाख ग्रामीण परिवारों (49.54%) के पास नल जल कनेक्शन हैं।

*****

अनुबंध

दिनांक 10.08.2023 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3567 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

07.08.2023 की स्थिति के अनुसार

क्र.सं.	जिला	कुल ग्रामीण परिवार (संख्या लाख में)	कुल ग्रामीण परिवारों के पास नल जल कनेक्शन की सूचना	
			संख्या लाख में	%
1	आगरा	3.95	1.01	25.61
2	अलीगढ़	4.28	1.75	40.90
3	अम्बेडकर नगर	3.16	1.37	43.53
4	अमेठी	3.10	1.69	54.34
5	अमरोहा	2.98	1.63	54.76
6	औरैया	2.18	1.34	61.59
7	अयोध्या	3.45	1.76	51.07
8	आजमगढ़	6.11	1.92	31.36
9	बागपत	1.66	1.42	85.72
10	बहराईच	5.54	3.71	67.02
11	बलिया	4.37	1.13	25.91
12	बलरामपुर	3.05	1.47	48.33
13	बांदा	2.69	2.41	89.69
14	बाराबंकी	5.12	1.94	37.91
15	बरेली	4.98	3.72	74.69
16	बस्ती	3.57	1.97	55.21
17	बिजनौर	4.93	2.65	53.79
18	बदायूँ	4.19	2.94	70.02
19	बुलंदशहर	4.59	3.44	74.99
20	चंदौली	2.77	1.96	70.79
21	चित्रकूट	1.64	1.40	85.18
22	देवरिया	4.31	3.58	83.15
23	एटा	2.57	1.45	56.24
24	इटावा	2.39	1.24	51.73
25	फर्रुखाबाद	2.38	1.54	64.80
26	फतेहपुर	4.08	1.80	44.15
27	फिरोजाबाद	2.81	0.73	25.96
28	गौतम बुद्ध नगर	0.44	0.37	84.56
29	गाजियाबाद	1.27	1.03	80.93
30	गाजीपुर	5.14	2.29	44.47
31	गोंडा	5.09	2.42	47.43
32	गोरखपुर	5.56	4.46	80.23
33	हमीरपुर	1.85	1.36	73.33
34	हापुड	1.78	1.43	79.96
35	हरदोई	6.18	2.57	41.49
36	हाथरस	2.04	0.95	46.41
37	जालौन	2.12	1.70	80.38
38	जौनपुर	5.93	2.44	41.21
39	झांसी	2.51	2.26	90.04

क्र.सं.	जिला	कुल ग्रामीण परिवार (संख्या लाख में)	कुल ग्रामीण परिवारों के पास नल जल कनेक्शन की सूचना	
			संख्या लाख में	%
40	कन्नौज	2.61	1.89	72.46
41	कानपुर देहात	2.85	2.27	79.50
42	कानपुर नगर	3.04	1.65	54.42
43	कासगंज	1.94	1.38	71.15
44	कौशाम्बी	2.44	1.26	51.59
45	कुशीनगर	5.30	2.90	54.73
46	लखीमपुर खीरी	6.71	3.44	51.25
47	ललितपुर	2.07	1.90	91.77
48	लखनऊ	2.48	1.68	67.60
49	महाराजगंज	4.31	1.99	46.07
50	महोबा	1.32	1.28	96.54
51	मैनपुरी	2.59	1.51	58.38
52	मथुरा	2.94	0.61	20.74
53	मऊ	2.61	1.14	43.60
54	मेरठ	3.11	2.56	82.33
55	मिर्जापुर	3.49	3.22	92.33
56	मुरादाबाद	3.50	1.75	50.01
57	मुजफ्फरनगर	3.65	2.51	68.83
58	पीलीभीत	3.04	2.38	78.42
59	प्रतापगढ़	4.84	2.18	45.08
60	प्रयागराज	6.46	3.33	51.49
61	रायबरेली	5.03	2.42	48.01
62	रामपुर	3.12	1.55	49.54
63	सहारनपुर	4.62	2.31	50.02
64	संभल	3.27	1.64	50.02
65	संत कबीर नगर	2.27	1.18	51.91
66	संत रविदास नगर	2.33	1.48	63.24
67	शाहजहांपुर	4.36	3.59	82.35
68	शामली	1.65	1.38	83.55
69	श्रावस्ती	1.86	1.05	56.42
70	सिद्धार्थ नगर	3.88	1.80	46.43
71	सीतापुर	7.10	3.52	49.63
72	सोनभद्र	2.94	1.71	58.32
73	सुलतानपुर	3.7	1.45	39.28
74	उन्नाव	4.88	0.49	10.04
75	वाराणसी	3.41	2.66	77.97
कुल		**262.47**	**147.28**	**56.11**

स्रोत: जेजेएम आईएमआईएस